तंबाकू उत्पाद का चल रहा नकली कारोबार

Publish Date:Mon, 30 Jul 2018 08:04 PM (IST)

सहरसा: इन दिनों शहर से लेकर सिमरीबख्तियारपुर तक नकली तंबाकू उत्पाद का कारोबार व्यापक पैमाने पर हो रहा है। एक ही ट्रेडमार्क पर अलग-अलग लोगों द्वारा खैनी की पै¨कग कर जहां सरकार को राजस्व का चूना लगाया जा रहा है वहीं आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है। यही नहीं निर्धारित संख्या से अधिक पै¨कग की जा रही है।

एक ही ट्रेडमार्क पर हो रहा खेल

तंबाकू बनाने के लिए एक ही ट्रेडमार्क का उपयोग हो रहा है। सूत्रों की मानें तो शहर में चार जगहों पर खैनी की पै¨कग रिहाइशी इलाकों में हो रही है। जबकि सिमरीबख्तियारपुर में भी यह धंधा परवान पर है। कुछ माह पूर्व सिमरीबख्तियापुर में चेन्नई एक्सप्रेस नामक ट्रेडमार्क की कंपनी के शिकायत पर छापेमारी भी की गई। प्राथमिकी भी दर्ज हुई। परंतु ठोस कार्रवाई नहीं हो पाने के कारण अब भी धंधा चल रहा है। इसके अलावा शहर के बटराहा में दो जगहों पर, बस्ती इलाके व सिमरीबख्तियारपुर में खैनी की पै¨कग की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि किसी कंपनी का एक ही ट्रेडमार्क होता है। जिसका उपयोग अधिकृत व्यक्ति ही कर सकते हैं। इसके लिए कस्टम ड्यूटी, टैक्स भी देना होता है। परंतु अधिकृत के अलावा भी कई लोगों द्वारा एक ही नाम पर कारोबार किया जा रहा है। और ऐसे लोग मालामाल हो रहे हैं।

सेहत के लिए खतरनाक

चिकित्सक डा. प्रमोद प्रभाकर की मानें तो रिहाइशी इलाके में किसी भी तंबाकू उत्पाद की पै¨कग खतरनाक है। अगर मानक के अनुसार पै¨कग नहीं किया जा रहा है तो कार्य करने वाले मजदूरों के लिए भी यह खतरनाक है। उन्होंने बताया कि पै¨कग के दौरान डस्ट निकलने से आंख, नाक, कान, फेफड़ा प्रभावित हो सकता है और कई बीमारी हो सकती है।

नकली पै¨कग की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। वैसे मामले की जांच कराकर भी संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

आरके ¨सह, सदर थानाध्यक्ष, सहरसा

Source: https://www.jagran.com/bihar/saharsa-sah-news-18259645.html